## छह किसानों के खेतों से सबमर्सिबल की केबल चोरी

**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम नगला दधिराम में रविवार रात चोरों ने खेतों पर लगी सबमर्सिबल मोटरों की केबल काटकर चोरी कर ली। घटना से छह किसानों को सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के किसान मदन मोहन, कैलाश चंद, पवन कुमार, मुकेश, हरिशंकर और देवकीनंदन के खेतों पर लगी सबमर्सिबल मोटरों की सैकड़ों फीट केबल चोर काटकर ले गए। केबल चोरी होने से सभी सबमर्सिबल बंद हो गए हैं, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।

किसानों का कहना है कि घटना से उन्हें हजारों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। खरीफ फसलों के इस महत्वपूर्ण समय में सिंचाई बाधित होने से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बढ़ गई है। पीड़ित किसानों ने थाना पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## घर में घुसकर महिला व उसकी पुत्री से मारपीट, सात नामजद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुरियारी में घर में घुसकर महिला और उसकी पुत्री के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चुरियारी निवासी सोन देवी पत्नी जवाहर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 जुलाई को वह अपने घर पर थीं। आरोप है कि गांव के ही जितेंद्र, सुरेश, महेंद्र, कुंजी, जयपाल, कुंवरजी और अतुल गाली-गलौज करते हुए उनके घर के बाहर आ गए। विरोध करने पर सभी आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि जान बचाने के लिए वह घर के अंदर चली गई, लेकिन आरोपी घर में घुस आए और उनकी पुत्री राधा के साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने थाना पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सातों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## पॉक्सो केस में गवाही से रोकने का आरोप, दो बहनों से मारपीट; मुकदमा दर्ज

**किरावली (अग्र भारत)।** थाना क्षेत्र में पॉक्सो एक्ट के एक विचाराधीन मामले में गवाही देने से रोकने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए दो बहनों से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बहन के साथ मंगलवार सुबह मंगलम मैरिज होम के समीप स्थित रास्ते से खेत की ओर जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद अश्वनी कुमार ने दोनों बहनों को रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने चप्पल, कुर्सी और ईंट से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि बीच-बचाव के दौरान आरोपी ने उसे दांतों से काट लिया और कपड़े भी फाड़ दिए।पीड़िता के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें 13 अगस्त को उसके बयान होने हैं। आरोप है कि गवाही न देने और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने के उद्देश्य से यह हमला किया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी और उसके परिजन पहले भी उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे चुके हैं, जिसकी शिकायत पूर्व में भी पुलिस से की गई थी।घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस आपातकालीन सेवा को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता की तहरीर पर अश्वनी कुमार और उसके पिता संतकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अछनेरा पुलिस ने दो वारंटी दबोचे, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल



**अछनेरा (अग्र भारत)।** कमिश्नरेट आगरा के अछनेरा थाना पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना पुलिस ने रायभा निवासी 38 वर्षीय राज उर्फ सुखंड सिंह तथा नगला लालदास निवासी 45 वर्षीय जगदीश को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों अलग-अलग मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के तहत वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक मजिस्ट्रेट/ग्राम न्यायालय, किरावली के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि कमिश्नरेट स्तर पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दोनों वारंटियों की गिरफ्तारी की गई।

## प्रधानमंत्री के नशा मुक्त भारत का संकल्प,संदेश पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्त रहने की शपथ


**खेरागढ़।** राजकीय महाविद्यालय सैंया में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी संबोधन को सुनाया गया और नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम



के बाद शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ हुकुम सिंह के नेतृत्व में वॉकथॉन और योग सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विजय आनंद गौतम ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर योग, व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और विकसित भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर प्रकार के नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।इस दौरान छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त रहने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर डॉ विशाल भास्कर, डॉ रेखा सुमन, डॉअनिल कुमार, डॉमनोज कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेवा कार्यों के साथ मनाया जन्मदिन, शिक्षा, रक्तदान, वृक्षारोपण एवं स्टेशनरी वितरण से दिया समाजसेवा का संदेश

अग्र भारत संवाददाता



**आंवलखेड़ा (आगरा)।** मीरा देवी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक धर्मवीर प्रजापति ने अपना जन्मदिन इस वर्ष उत्सव के बजाय 'सेवा दिवस' के रूप में मनाते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर दो जरूरतमंद बच्चों की पूरे वर्ष की स्कूल फीस जमा कराई, ताकि उनकी शिक्षा किसी भी कारण से बाधित न हो और वे निरंतर अध्ययन कर सकें।

इसी क्रम में उन्होंने एक जरूरतमंद व्यक्ति के लिए स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

सेवा कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्राथमिक विद्यालय उस्मानपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 250 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी (कॉपी, पेन, पेंसिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री) वितरित की गई। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली तथा उन्हें नियमित रूप से पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया।

धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि 'जन्मदिन केवल केक काटने या उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का भी दिन होना चाहिए। यदि हमारे जीवन का कोई विशेष दिन किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान ला सके, तो वही सबसे बड़ा उत्सव है।'

स्थानीय लोगों एवं विद्यालय परिवार ने धर्मवीर प्रजापति के इस सेवा-भाव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शिक्षा, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।

## किशोरी को अगवा करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा, जेल भेजा

अग्र भारत संवाददाता

**फतेहपुर सीकरी।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि शनिवार को हाट बाजार से 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपी युवक पहले भी किशोरी को अपने साथ ले जाने की धमकी दे चुका था।

पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ भूरा पुत्र देवी सिंह उर्फ पप्पू को ग्वालियर गेट से आगे मई तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



## लंगड़े की चौकी मंदिर पर सजाया फूल बंगला

अग्र भारत संवाददाता

**आगरा।** श्रावण मास के प्रथम मंगलवार को लंगड़े की चौकी स्थित हनुमान मंदिर पर फूल बंगला सजाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे। मंदिर के महंत गोविंद गुरु ने बताया कि सावन मास में मंदिर प्रांगण में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत राम गुरु और श्याम गुरु के द्वारा 21 दिवसीय श्री राम चरित्र मानस का पाठ किया जा रहा। वही श्याम उपाध्याय द्वारा मंगलवार को हनुमान महाराज का पंचामृत से अभिषेक कर चोला श्रृंगार किया गया। इस मौके पर मंदिर में छप्पन भोग लगाया गया और भंडारे का आयोजन किया गया।

## श्मशान घाट पर टीन शेड न होने से 15 घंटे रुका अंतिम संस्कार, ग्रामीणों ने जताया रोष



अग्र भारत संवाददाता

**फतेहपुर सीकरी।** ग्राम चौमा शाहपुर में श्मशान घाट पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं नहीं की गई तो तहसील पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी कुशाल सिंह लोधी राजपूत का सोमवार रात करीब 10 बजे बीमारी के चलते निधन हो गया। मंगलवार को अंतिम संस्कार के लिए शव को श्मशान घाट ले जाया गया, लेकिन वहां टीन शेड या बारिश से बचाव की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण खराब मौसम में दाह संस्कार संभव नहीं हो सका। इससे करीब 15 घंटे तक अंतिम संस्कार रुका रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद स्वयं त्रिपाल की व्यवस्था कर अस्थायी रूप से ढककर अंतिम संस्कार कराया गया। इस दौरान लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी देखने को मिली।

ग्रामीण वंशी जाट, रामभरोसी, अजयवीर, राधारमन, कैलाश मास्टर, भूदेव सोगरवाल, मेघ सिंह सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि श्मशान घाट पर टीन शेड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाएं नहीं कराई गई तो ग्रामीण तहसील किरावली पर धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से श्मशान घाट पर स्थायी टीन शेड एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी परिवार को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## 20 साल से जलभराव की समस्या पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, दूसरे दिन भी ब्लॉक पर धरना जारी




**अकोला (अग्र भारत)।** ब्लॉक क्षेत्र के चिरमोली गांव में पिछले करीब 20 वर्षों से जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर अकोला ब्लॉक परिसर में अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान गलियों और घरों के आसपास पानी भर जाता है। इससे लोगों का आवागमन प्रभावित होता है, वहीं सांप-बिच्छुओं का खतरा बढ़ने के साथ संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से शिकायतें करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया।

सोमवार को ग्रामीण गांव से पैदल मार्च निकालकर अकोला ब्लॉक पहुंचे थे और धरना शुरू किया था। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में ग्रामीण धरना स्थल पर डटे रहे।

धरना समाप्त कराने पहुंचे एडीओ ने ग्रामीणों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण केवल आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना है कि जब तक जलभराव की समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्रवाई शुरू नहीं होती, तब तक उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।

### विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष

## जन्म के एक घंटे के भीतर पिलाएं बच्चे को मां का पहला पीला गाढ़ा दूध: डॉ. दीपशिखा




### 6 महीने तक सिर्फ मां का दूध, यही है बच्चे का संपूर्ण आहार

(अग्रभारत संवाददाता)

**मथुरा।** मंगलवार को विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आईएमए सभागार में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहिताश सिंह, नीरव निमेश पीडीजी रोटरी 3110, आशुतोष कुमार ईडीएस रोटरी एवं आईएमए अध्यक्ष डॉ. बी.एस. गोयल ने की।

इस अवसर पर फोगसी सदस्य डॉ. वर्तिका किशोर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम 'जीवन की स्थायी शुरुआत के लिए स्तनपानः जो कारगर है उसे मजबूत करें' रखी गई है। उन्होंने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए संपूर्ण आहार है। यह बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ डायरिया, निमोनिया और संक्रमण जैसी बीमारियों से बचाव करता है।

डॉ. रोहिताश सिंह ने कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है। इसके लिए स्तनपान जरूरी है। स्तनपान के प्रति जागरुकता के लिए हर वर्ष एक से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जात है। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही स्तनपान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सभी को केवल स्तनपान के महत्व के साथ-साथ ही एचपीवी टीकाकरण व डायरिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

डॉ. दीपशिखा ने शिशु आहार प्रथाओं और स्तनपान के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जन्म के एक घंटे के भीतर बच्चे को मां का पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलोस्ट्रम) जरूर पिलाना चाहिए, क्योंकि यह उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने सलाह दी कि 6 महीने तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने भी स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में डॉ. नीरजा गोयल, डॉ. शेफाली, डॉ. शुभदा, डॉ. बर्षा तिवारी, डॉ. पवन अग्रवाल, जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार मुकेश गौतम, जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक फौज़िया खानम, पीएसआई इण्डिया से अजय कुमार,चोबसिंह सहित समस्त बीसीपीएम, स्टाफ नर्स, एएनएम और आशा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्तनपान के प्रमुख लाभ

बच्चे के लिए- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े, संक्रमण और बीमारियों से बचाव, बेहतर शारीरिक-मानसिक विकास

मां के लिए- डिलीवरी के बाद जल्दी रिकवरी, स्तन और ओवरी के कैंसर का खतरा कम, मां-बच्चे में भावनात्मक जुड़ाव

## खेरागढ़ में भाजपा का डिजिटल लर्निंग महाअभियान, कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित






**खेरागढ़।** भाजपा संगठन के निर्देशानुसार चलाए जा रहे डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम (डीएलपी) महा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विधानसभा खेरागढ़ के नगर मंडल खेरागढ़ में सेक्टर भिलावली एवं सेक्टर बुरेहरा में विशेष अभियान चलाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया के निर्देशन तथा भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंडित देवेंद्र रावत के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, संगठन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय भागीदारी के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री उदयप्रताप सिंह सिकरवार, नगर मंडल अध्यक्ष कपिल जिंदल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व प्रधान सोनू सिंह, डॉ. भोगी राम राजपूत, मनोज परमार, हरेंद्र सिंह राजपूत, बनवारी लाल शर्मा, श्रीकृष्ण माहौर सहित किसान मोर्चा की टीम, बूथ अध्यक्ष एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अभियान के दौरान संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।